● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 303, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 21 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल को देश से माफी मांगना चाहिए: रविशंकर 5

एमआई ने बनाया राशिद खान को कप्तान 6

## नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रदेश में विकास की लिखेगी नयी इबारत: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने इंदौर को दी 1249 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर, माँ देवी अहिल्या की नगरी है, जो विकास का पर्याय रहीं है। उनके कार्यकाल में देव स्थानों का पूरे देश में अद्भुत विकास हुआ है। इंदौर वर्तमान में देश का सबसे स्वच्छ शहर है। यह आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्मार्ट सिटी के कार्यों आदि में देश में भी अव्वल है। अब इंदौर को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के कार्य तेजी से होंगे। इंदौर का संर्वागीण विकास कर इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों के समकक्ष खड़ा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर के नेहरू स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा। यहाँ आईटी के विकास की अपार संभावनाएं है, इसको देखते हुए इंदौर में जल्द ही आईटी समिट आयोजित की जायेगी। इंदौर नगर निगम का नया भव्य भवन भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में जनकल्याण पर्व के तहत आयोजित लोकार्पण एवं भूमि-



पूजन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के लिये 1249 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नदी जोड़ो परियोजना प्रदेश में विकास की नयी इबारत लिखेंगी। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर एक साथ कार्य हो रहा है। यह परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मूर्तरूप ले रही हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों को आपस में जोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में हो रहे विकास की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर को अब हर क्षेत्र में नम्बर-वन बनाया जायेगा। इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों की तरह विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा से सम्मानीय है। उनका सम्मान हमेशा कायम रहेगा। बाबा साहेब की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिये पंच तीर्थ विकसित किये गये है। उनके जीवन से जुड़े 5 प्रमुख स्थलों को तीर्थ-स्थल का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए नागरिकों से उनका लाभ लेने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि जनकल्याण अभियान के माध्यम से शासन की 76 योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक घर-घर जाकर पहुंचाया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव हमारे इंदौर जिले के प्रभारी भी है। उनके नेतृत्व में इंदौर शहर हर क्षेत्र में नंबर वन होगा। सफाई में नंबर वन है, जल-संरक्षण में हम नंबर वन है। अब पर्यावरण में भी इंदौर को नंबर वन बनाने के प्रयास शुरू किये गये है। इंदौर में 51 लाख पौधे लगाये गये है। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया है कि आगामी 5 साल तक हर साल 51 लाख पौधें लगाये जायेंगे। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे कि शहर के तापमान को 5 डिग्री तक कम करें। उन्होंने कहा कि इंदौर को ट्रैफिक समस्या से भी निजात दिलाने के लिए प्लानिंग की जा रही है। इंदौर के ट्रैफिक में सुधार कर नंबर वन बनायेंगे। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर जो भी करता है अद्भुत करता है। इंदौर में यह पहली बार हो रहा जब एक ही दिन में एक साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 1249 करोड़ रूपये के विकास की सौगात दी गई है। इंदौर, विकास का मॉडल बन गया है। यहां विकास एवं प्रगति की नयी बुनियाद रखी जा रही है।

## वैश्विक स्तर पर रणनीतिक रक्षा साझेदारी बना रहा भारत: राष्ट्रपति

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही अत्याधुनिक उपकरणों का निर्माण किया जाए और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू किया जाए।

राष्ट्रपति ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट को राष्ट्रपति का ध्वज प्रदान करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार ने रक्षा उद्योग की स्वदेशी क्षमता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और रक्षा औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय और विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

भारत अब कई रक्षा उत्पादों को घरेलू स्तर पर बनाने पर ध्यान दे रहा है, ताकि उन्हें आयात न करना पड़े। राष्ट्रपति ने कहा, अब



समय आ गया है कि हम देश में तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू करें।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि रक्षा बलों के अधिकारी इस लक्ष्य को हासिल करने में पूरी तरह से योगदान देंगे और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करेंगे। भारत अब अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करने और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर युद्धकौशल और अंतरिक्ष रक्षा तकनीकों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि भारत वैश्विक स्तर पर रणनीतिक रक्षा साझेदारी बना रहा है और इससे भारत का प्रभाव वैश्विक रक्षा चर्चाओं में बढ़ा है। आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास और रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करके, भारत न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी योगदान दे रहा है।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारतीय रक्षा क्षेत्र को समय के साथ बदलते हुए विकसित और अनुकूलित होना चाहिए, ताकि भारत एक मजबूत, सहनशील और सहयोगी राष्ट्र बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों को नई तकनीकों और बदलती सुरक्षा स्थितियों के बारे में अपडेट रहना चाहिए।

अंत में, राष्ट्रपति ने महिला अधिकारियों की सराहना की और कहा कि वे अन्य महिलाओं और लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो बड़े सपने देखती हैं।

### हंगामे की भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र

## राज्यसभा में हुआ महज 40 फीसदी काम

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल 40.03 फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है लोकसभा में भी महज 57.87 फीसदी काम हुआ। राज्यसभा में शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक के लिए बन रही जेपीसी में राज्यसभा के 12 सांसदों को नामित किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह जब राज्यसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद सभापति ने सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बिना किसी हंगामे के सदन चलाने के लिए कहा। जब सदन की कार्यवाही 12 बजे फिर से शुरू हुई तो सभापति ने विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर बन रही जेपीसी के लिए उच्च सदन से सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव रखने के लिए कहा। जेपीसी के लिए 12 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद अपने समापन भाषण में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस सत्र में 40.03 फीसदी ही काम हुआ। पूरे सत्र में 43 घंटा 27 मिनट काम हो सका। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर देश के लोग हमारी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। यह सही भी है क्योंकि लगातार हो रहे व्यवधान लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं।

## नौसेना के जहाज का चालक ने खोया था नियंत्रण

**मुंबई ।** मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को हुए भयावह हादसा के बारे में नौसेना के एक घायल कर्मचारी ने पुलिस को एक बड़ी जानकारी दी। कर्मचारी ने बताया कि नौसेना के जहाज का चालक इंजन परीक्षण के दौरान जहाज से नियंत्रण खो बैठा था, जिसके कारण समुद्र में यह दुर्घटना हुई। गौरतलब है, मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को उस वक्त हादसा हुआ था, जब नौसेना के एक जहाज ने एक यात्री नाव नील कमल को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोगों को बचाया गया है।

## गृह मंत्री ने की एसएसबी की तारीफ

### कहा-सीमा सुरक्षा और नक्सलवाद से निपटने में इसकी अहम भूमिका

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के रानीडांगा स्थित सिलीगुड़ी फ्रंटियर (एफटीआर) मुख्यालय में सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही बिहार और झारखंड में नक्सलवाद से निपटने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सिलीगुड़ी गलियारे और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल की



सतर्कता और उपस्थिति ने सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। वामपंथी उग्रवाद से निपटने के एसएसबी के प्रयासों को लेकर गृह मंत्री शाह ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने में अहम योगदान दिया है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों, स्थानीय पुलिस के साथ उनकी सक्रिय समझ ने छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवादी गतिविधियों को कमजोर किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल से सीमा आंदोलन के दौरान राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और ऐसे मामलों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपने के लिए कहा। शाह ने कहा कि एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करने का दिन है। एसएसबी के जवानों ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और अवैध गतिविधियों को रोकने का अद्भुत काम किया है।

## प्रदीप मिश्रा की कथा में अनियंत्रित हुई भीड़, कई महिलाएं चोटिल

**मेरठ।** मेरठ के शताब्दी नगर में चल रही प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण के दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई। एंट्री गेट पर धक्का मुक्की हो गई, इस दौरान कई महिलाएं गिर पड़ीं। महिलाओं को हल्की चोटें भी आई हैं। बताया गया कि कथा का आज छठा दिन है। कल शनिवार को कथा का समापन होना है। हर दिन जहां डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे थे वहीं आज श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख पहुंच गई। बताया गया कि व्यवस्था बनाने में काफी दिक्कत आई। भीतर की तरफ पंडाल पूरी तरह फुल हो गया, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हो गए थे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी थीं।

## भोपाल में पूर्व आरटीओ कांस्टेबल के घर लोकायुक्त की छापेमारी

### 52 किलो सोना और 10 करोड़ नकद बरामद



**भोपाल।** भोपाल में एक पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उनके साथी चंदन सिंह गौर के घर लोकायुक्त के छापे के बाद एक बड़ा खुलासा हुआ है। मेंडोरी गांव के पास एक गाड़ी से 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये मिले हैं। यह संपत्ति शर्मा और गौर से जुड़ी हो सकती है, जिन पर पहले से ही आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा था। गुरुवार को हुए छापे में शर्मा के घर से 2.5 करोड़ रुपये नकद, जेवर और प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। शर्मा ने एक साल पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और अब रियल एस्टेट के कारोबार में हैं। लोकायुक्त की स्पेशल पुलिस एस्टाब्लिशमेंट ने गुरुवार को सौरभ शर्मा और चंदन सिंह गौर के घरों पर छापेमारी की।

## संसद के अंदर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच धक्का-मुक्की की घटना को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शुक्रवार को सांसदों को संसद भवन के परिसर में धरना प्रदर्शन न करने की चेतावनी दी। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि अगर कोई संसद भवन के परिसर के भीतर प्रदर्शन करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। लोकसभा अध्यक्ष



ओम बिरला ने कहा, माननीय सदस्यगण, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। संसद भवन के किसी भी द्वार पर प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आपको नियमों का पालन करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, इसे गंभीरता से लें। किसी भी स्थिति में संसद भवन के द्वार पर और परिसर में प्रदर्शन न करें, नहीं तो संसद को उचित कार्रवाई करनी पड़ेगी।

गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के मकर द्वार के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा के सांसदों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और कई महिला सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा था, अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

## एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में अब तक 11 लोगों की मौत, कई लोग लापता

**जयपुर।** जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास एक एलपीजी टैंकर और ट्रक की टक्कर में भयानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। जबकि 35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद 14 यात्री और बस का ड्राइवर-कंडक्टर लापता हैं। एलपीजी टैंकर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था। डीपीएस स्कूल के पास टैंकर यू-



टर्न ले रहा था, तभी जयपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी। नोजल से करीब 18 टन गैस फैलकर 200 मीटर के दायरे में गैस का चैंबर बन गया। कुछ ही सेकेंड में टैंकर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास की गाड़ियों में आग लग गई।

## सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्रशासन का एक्शन जारी

**संभल।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिला प्रशासन ने बीते 24 घंटों में उनके खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई की हैं। गुरुवार को बिजली चोरी का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को उनके घर पर प्रशासन का बुलडोजर चला। सांसद पर बिजली चोरी का केस दर्ज करते हुए 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि सांसद और पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के नाम से लगे दो मीटरों की एमआरआई जांच में गड़बड़ी पाई गई। नों मीटरों से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की गई थी।

## काशी में भी दिखेगा महाकुंभ जैसा वैभव



**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी महाकुंभ का वैभव दुनिया देखेगी। महाकुंभ में स्नान के बाद अखाड़ों का अगला पड़ाव काशी ही रहेगी। देवादिदेव महादेव का अभिषेक करके अखाड़ों के महामंडलेश्वर धर्मध्वजा को अनंत काल तक फहराने का आशीर्वाद मांगेंगे। इस दौरान काशी की सड़कों पर अखाड़ों की पेशवाई होगी, वहीं गंगा घाटों पर धुनी रमाए साधुओं की टोली भी डेरा डालेगी।

महाकुंभ के समापन के बाद 13 अखाड़े बनारस में बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को काशी में अखाड़ों की पेशवाई होगी। गाजे-बाजे, रथ, हाथी और घोड़े के साथ अखाड़ों की पेशवाई अखाड़ों से श्री काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही शहर की सड़कों पर निकलेगी। इस दौरान काशी की जनता बाबा विश्वनाथ की सेना के रूप में मशहूर नागा साधुओं का वैभव देखेगी। अपनी-अपनी धर्मध्वजा के साथ अखाड़ों के महामंडलेश्वर पेशवाई का नेतृत्व करेंगे।

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा और उसके भ्राता अखाड़े कहे जाने वाले श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े और अग्नि अखाड़े के संन्यासी पूरे विधि विधान के साथ अपने-अपने अखाड़ों के इष्ट का आह्वान कर अपनी धर्म ध्वजा के साथ पेशवाई में शामिल होंगे।

## संसद की घटना को लेकर सदन में हंगामा,विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को अंतिम दिन था। सत्र के दौरान कई विधेयक पारित हुए, साथ ही कई मुद्दों पर हंगामा भी हुआ। आखिरी दिन संसद में हुई घटना को लेकर पक्ष-विपक्ष आसंदी के पास तक पहुंच गए। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

डॉक्टर बाबासाहेब अम्बेडकर पर अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सुबह नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया था। विधायकों ने हाथों में संविधान की किताब लेकर जमकर नारेबाजी की।

संसद की घटना को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सदन में हंगामा किया।दोनों के सदस्य आसंदी के पास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले वेस्ट से खेतों की मिट्टी खराब हो रही है। इसके चलते किसान खेती नहीं कर पा रहा है। अन्य जल स्रोतों से भी लगातार प्रदूषण फैल रहा है। इसके साथ ही प्रश्नकाल समाप्त हो गया। विधायक विजयपाल सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल जल योजना को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ठेकेदारों ने सड़कों को खोद कर छोड़ दिया है, जिससे जनता परेशान हो रही है। इस पर मंत्री संपतिया उइके ने जवाब दिया कि सड़कों का सुधार कार्य किया जा रहा है। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगर ने कहा कि पिछली बार भी सदन में यह जानकारी दी गई थी। इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव ने कहा कि यह समस्या सभी के क्षेत्र में है। इस पर एक कमेटी बनाकर इसकी मॉनिटरिंग की जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि हमने 450 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया। भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की जमीन खरीदने का आरोप लगाया। इस पर जनजाति कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि समिति ने संबंधित व्यक्तियों को बार-बार बुलाया। वे पांच बार बुलाने के बाद भी समिति के सामने उपस्थित नहीं हुए। समिति उनके खिलाफ एकतरफ़ा कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। नीमच से भाजपा विधायक दिलीप सिंह परिहार ने सवाल किया कि क्या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभाग में बिना नाम के शिकायतों पर कार्यवाही की जा रही है। मुझे जवाब दिया गया की 43 गुमनाम शिकायत हैं। मेरा सवाल है कि ऐसी शिकायतों को 15 दिन में बंद करने का नियम है। इस पर जनजाति कार्य मंत्री डॉक्टर कुंवर विजय शाह ने जवाब दिया कि बिना नाम और बिना मोबाइल नंबर की शिकायतें आईं हैं जिसको 7 दिन में बंद कर दिया जाएगा।

आज पीएससी के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में सदन में विपक्ष कर कर सकता है प्रदर्शन। पिछले दो दिनों से इंदौर में एमपीपीएससी मुख्यालय के बाहर युवाओं का प्रदर्शन चल रहा है। कांग्रेस के विधायक एमपीपीएससी के जरिए होने वाली परीक्षा में गड़बड़ी को आज मुद्दा बना सकते हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का पांचवां और अंतिम दिन कुल 28 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाए गए हैं, जिनमें लाडली बहना, परिवहन, स्कूल शिक्षा, जल जीवन मिशन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# सात माह से थाना प्रभारी विहीन है माड़ा

## संवेदनशील थाना पर नही है नजर आईजी व एसपी की, नक्शलियों की मूवमेंट की थी खबर

**सिंगरौली।** जिले के सबसे संवेदनशील थाना माड़ा सात माह से ऊपर थाना प्रभारी विहीन है। संवेदनशील थाने पर आईजी व पुलिस अधीक्षक की नजर नही है। जबकि लाईन में कई थाना प्रभारी आमद दे चुके हैं। आईबी की रिपोर्ट में नक्शलियों की मूवमेंट का अंदेशा जताया था।

गौरतलब हो कि सात माह पूर्व माड़ा थाना में टीआई विद्यावारिधि तिवारी की पोस्टिंग की गई थी। कुछ महीनों के बाद ही विद्यावारिधि तिवारी को बरगवां स्थांतरित किया गया था। इसके बाद माड़ा थाना में ही पदस्थ उपनिरीक्षक एनपी तिवारी को ही प्रभार सौंप दिया था। उसके बाद विंध्यनगर में पदस्थ उपनिरीक्षक निपेन्द्र सिंह को थाना माड़ा का प्रभार सौंप दिया गया था। ऐसे यह कह सकते हैं कि लगभग सात माह से ऊपर हो चुका है और आज भी माड़ा थाना को उपनिरीक्षक के भरोसे सौंपा गया है। जबकि उक्त थाना छत्तीसगढ़ बार्डर से लगा हुआ है। यह थाना हमेशा से संवेदनशील रहा है। इसके बावजूद आखिर वह कौन सी वजह है कि आईजी और पुलिस अधीक्षक उक्त थाने में जिम्मेदार अधिकारी की पदस्थापना करने में हिलाहवाली बरत रहे हैं। अभी पिछले माह छत्तीसगढ़ में नक्शलियों पर सरकार ने शिकंजा कसा तो छत्तीसगढ़ से जंगलो के रास्ते मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के माड़ा थाना की तरफ रूख करने का अंदेशा आईबी ने किया। उस समय तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने भी समाचार पत्रों के खबर नबिसो के सवालो के जवाब में कहा था कि ऐसा अंदेशा हो रहा है। जिसके लिए हम सब तैयार हैं और जंगलो से लगे सीमाओ की चौकसी बढ़ा दिया था। साथ ही वहां आने-जाने वाले लोगों की



पहचान पत्र और आधार कार्ड की जांच परख की जा रही है। आईबी रिपोर्ट आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशील थाना क्षेत्रों में अनुभवी थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी क्यो नही सौंप रहे यह बड़ा सवाल है। जबकि जिले में तीन निरीक्षक अभी भी पुलिस लाईन में अटैच हैं। यदि अनुभवी निरीक्षको को संवेदनशील थाना क्षेत्र की कमान सौंपी जाती है तो उनका अनुभव का लाभ विभाग को मिलेगा। वही न केवल बढ़ रहे अपराधों में कमी आयेगी। बल्कि पूर्व में हुये चोरियो के खुलासे भी हो सकते हैं।

### लाईन में टीआई, मैदान में एसआई

भले की आईजी का जिले में हर महीने दौरा हो रहा है। अपराधो को लेकर लगातार समीक्षा कर रहे हैं। लेकिन इस बात की समीक्षा शायद नही हो रही कि जिन अनुभवी निरीक्षको को मैदान में रह कर अपराधो पर लगाम कसना, कानून व्यवस्था को दुरस्त करने , क्षेत्र में अमनचैन का बनाने, अपराधियों में पुलिस का खौफ दिखे की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्हें पुलिस लाईन में तैनात किया गया है। और कम अनुभवी उपनिरीक्षको पर भरोसा जताते हुये उन्हें मैदान में ऊतार कर थानो की कमान सौंप दी है। यह कितना सही है यह जिम्मेदार अधिकारी ही बता सकते हैं। जबकि माड़ा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। अवैध कारोबारी खुलेआम अवैध कारोबार में लगे हैं। अपने अवैध कारोबार में नाबालिक और घुमन्तू बच्चों को झोक रहे हैं। यही बच्चे आगे चलकर बड़े अपराधी बनेंगे।

### शिकायतो को अवसर में बदल रही पुलिस

सूत्रों के बातो पर गौर करे तो माड़ा थाना क्षेत्र के सितुल व जरहा सहित कई ऐसे गांव हैं। जहां अवैध शराब व गांजा का कारोबार हो रहा है। जिसकी सूचना प्रभारी व पुलिस को विधिवत है। शिकायत भी दूरभाष के माध्यम से की जा चुकी है। लेकिन इन शिकायतो को माड़ा पुलिस कार्रवाई न करके अवसर में बदल रही है। पुलिस शिकायतो पर अवैध कारोबारियों तक पहुंची जरूर है। लेकिन कार्रवाई का डर दिखाते हुये अपना हित साध लेते हैं। वही शिकायतकर्ता से मौके पर कोई भी अवैध गतिविधियां संचालित नही होने की बात कह कर अवैध कारियों का वीडियो उपलब्ध होने पर कार्रवाई करने की बात करते हैं। जबकि थाना क्षेत्र अंतर्गत जरहा के म्यार नही से अवैध रेत परिवहन, गांव-गांव में गांजा की पुड़िया, किराना दुकानों में अवैध पैकारी सहित कबाड़ क ी दुकाने संचालित हैं। लेकिन यह सब पुलिस को नजर नही आता।

# हम सब मिल कर करेंगे काम, गरीबी का होगा काम तमाम : सुषमा



**सिंगरौली**

कड़कड़ाती ठंड में नन्हे बच्चे जिनके अभिवावक किसी कारण बस यूं कहें कि गरीबी के कारण गरम कपड़े और पैरों में पहनने के लिए जूतो की व्यवस्था नही कर पाए एवं बच्चे इतने ठंड में अध्यनन करने के लिए स्कूल में बिना ऊनी कपड़ों और चप्पल में आते हैं।

छात्र-छात्राओं पर शा. सीएमराइज उमावि बरगवां की उमा शिक्षिका सुषमा पटेल द्वारा एक पहल की गई। श्री पटेल ने कक्षा 1 से 5वीं तक पढ़ने वाले उक्त छात्र -छात्राओं को चिन्हित कर कुल 20 छात्र-छात्राओं को ठंड से बचने के लिए कपड़े और जूते प्रदान किए गए। वास्तव में जरूरतमंद की मदद करने से बेहतर दूजा कोई पूजा नही है। मेरे द्वारा सिर्फ एक पहल की गई है। जिससे गरीब बच्चों को ठंड से बचाव के लिए नाम मात्र की सामग्री दी गई है। जो कि कुछ भी नही है। मैं अभी हाल ही में एक दो बच्चों को देखी जो ठंड में कक्षा के अंदर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। उसके बाद मैं 1 से 5वीं तक पढ़ने वाले बच्चों को चिन्हित कर ठंड से बचने के लिए कपड़े और जूते प्रदान करने का प्रयास की।

# रसोइयों को नहीं मिला 3 साल से मानदेय

### महिला एवं बाल विकास विभाग की लापरवाही उजागर, कार्यकर्ताओं में बढ़ रही नाराजगी

**सिंगरौली।** विकासखण्ड क्षेत्र के साझा चूल्हा कार्यक्रम के तहत काम करने वाली रसोइयों को पिछले 3 साल से मानदेय नहीं मिला है। जिसके चलते रसोइयों का काम करने वाली महिलाओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल महिला बाल विकास विभाग की ओर से संचालित साझा चूल्हा कार्यक्रम के तहत बनने वाले मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों को पिछले करीब 3 साल से मंडे के लिए विभाग के अमले द्वारा भड़काया लटकाया जा रहा है। कई महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि मानदेय ना मिलने के कारण आर्थिक संकट से भी सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में कई बार खंडस्तर के अधिकारियों से मिलकर आग्रह किया गया। किन्तु किसी अधिकारी के द्वारा आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं दिया । 3 साल से मानदेय आईसीडीएस हमला क्यों लटका कर रखा है ।

इसका सार्थक जवाब अभी अब तक नहीं मिल पाया है। महिलाओं ने यहां तक कहा कि एसडीएम से लेकर सीडीपीओ व जिले में बैठे अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी इन गरीब महिलाओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं । सब लोग डीएमएफ फंड की राशि पर निगाह गड़ाए हुए हैं कि कितने की सामग्री क्रय कर ली जाए शायद इसीलिए गरीब महिलाओं पर से उनका ध्यान भटक गया है। परेशान साझा चूल्हा कार्यक्रम के रसोइयों ने इस और कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया है।

# साईट कॉलेज के 65 छात्रों का नि:शुल्क बना लाईसेंस



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सिंगरौली जिले के परिवहन विभाग द्वारा साईट कॉलेज मोरवा में अध्यनरत 65 छात्राओं का निस्शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक अनिल कुमार शुक्ला परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने महाविद्यालय में शिविर के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला एवं छात्राओं को इसके लिए जागरूक किया।

# पशु चिकित्सा अधिकारी ने एसडीएम से लगाई गुहार

## अतिक्रमणकारियों ने अस्पातल भवन एवं परिसर में फर्नीचर, टायरपंचर एवं होलट खोल रखे हैं ,अतिक्रमण कारियों से अस्पताल को खाली कराये

**सिंगरौली।** देवसर पशु चिकित्सालय में अतिक्रमण कारियों ने कब्जा कर रखा है। हालत यह है कि परिसर के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर परिसर भवन तक को अतिक्रमण कारियों ने अपनी निजी जागीर समझ रखी है।

करीब चार महीने पहले यहां आमद देने के बाद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका विश्वकर्मा इन अतिक्रमण कारियों को कई बार भवन एवं परिसर खाली करने लिये मौखिक रुप से कहा लेकिन अतिक्रमण कारी उनकी बातों को नरजअंदाज कर रहे हैं। मजबूरन चिकित्सा अधिकारी ने एसडीएम देवसर को एक पत्र लिखकर इन



अतिक्रमण कारियों पर कार्यवाही की गुहार लगानी पड़ी। इसके बाद भी अतिक्रमणकारी जबरदस्ती कर रहे हैं। परिसर खाली करने के लिये तैयार नहीं है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका विश्वकर्मा ने तहसीलदार देवसर, एसडीओपी देवसर एवं थाना प्रभारी जियावन को भी अतिक्रमण कारियों पर कार्यवाही के लिये पत्र लिखा है।

### विवाद की स्थिति

कई बार वहां पर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जिससे महिलाओं को दिक्कत होती है। कई तरह के नशा से ग्रसित लोगों का अड्डा भी बनता जा रहा है। ऐसी स्थिति में अस्पताल का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। वहां आम लोगों का एवं पशु पालको का आना-जाना बहुत कम हो गया है। पशुओं के उपचार के लिए वहां जो व्यस्वस्था अस्पताल द्वारा की जाती है। उसे अतिक्रमणकारी क्षति पहुंचाते हैं।

### यह है पूरा मामला

सीधी-सिंगरौली नेशनल हाइवे के बगल में पशु चिकित्सालय स्थित है। जहां पर अतिक्रमणकारी धीर-धीरे कब्जा करने लगे। पहले एक-दो दुकान बनाई गई। इसके बाद धीरे-धीरे पूरे परिसर में ही कब्जा कर लिया गया। रास्ता तक जाम कर दिया गया। स्थायी रुप से दुकान बना ली गयी। होटल संचालित होने लगे। जिससे गंदगी परिसर के चारों तरफ होने लगी। इसके साथ ही टायर की दुकान संचालित होने लगी। जहां पर हर समय वाहनों का रेला लगा रहता है। जिससे पशु चिकित्सालय की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# एसपी ने साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण

## उत्कृष्ट टर्न आउट वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने किया पुरस्कृत



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया। प्रातः 8 बजे एसपी का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने उत्तम वेशभूषा, टर्न आऊट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिया गया। इसके बाद मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई। इसी क्रम में थानो से आये वाहनो व पुलिस लाईन के वाहनो का निरीक्षण किया गया एवं वाहनों के बेहतर रख-रखाव एवं रन डायरी को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये। पुलिस लाईन क्वाटर गार्ड निरीक्षण के दौरान क्वाटर गार्ड द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात एसपी ने पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो की समस्यओ को गंभीरता पूर्वक सुना एवं त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई। साथ ही परेड मे उपस्थिति अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर अनुशासन में रहने एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग व सचेत रहने की समझाईश दी गई। नरल परेड में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, सूबेदार आशीष तिवारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे है।

# बाबा साहेब की आड़ में कांग्रेसी अपना मानसिक अवसाद प्रकट कर रहे हैं: गुप्ता



**सिंगरौली।** लगातार मिल रही पराजय तथा देश भर में मिल रही अस्वीकार्यता से पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी अवसाद में चली गई है। कांग्रेस के नेता बाबा साहब का नाम आगे करके अपनी खीझ संसद भवन में निकाल रहे हैं। ऐसा कहना है भाजपा के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता का। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेताओं का हाल खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे वाला हो गया है। आज पूरे देश में कांग्रेस के कुकर्मों का पर्दा फाश हो गया है और पूरे देश की जनता ने इनको नकार दिया है। यहां तक कि उनके इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने भी उनको नकार दिया है। जिस कारण पूरी कांग्रेस पार्टी बौखलाई हुई है और उल्टी सीधी हरकतें कर खुद अपना माखौल जनता से उड़वा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्मात्री समिति का प्रमुख रहते हुये भी बाबा साहब आंबेडकर का नेहरू ने कई बार अपमान किया।

# ब्रह्माकुमारीज ने पूरे सिंगरौली को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**सिंगरौली।** ब्रह्माकुमारीज की शाखा तपोवन कॉम्पलेक्स की ओर से पूरे सिंगरौली में चलाया जा रहा नशामुक्त भारत अभियान जिसमें आज सिंगरौली के बैढ़न में डॉ. अंबेडकर चौराहे पर एवं गहिलगढ़ पश्चिम गांव में एवं गहिलगढ़ पूर्व गांव एवं डिग्री कॉलेज मोड़ बैढ़न में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक नशा मुक्ति का कार्यक्रम हुआ। जिसमें 200 से 300 भाई बहन थे

बीके संगीता बहन ने नशे के नुकसान बताते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है । तंबाकू, गुटखा से मुंह के कैंसर, गले के कैंसर,




फेफड़ों के कैंसर अन्य होते हैं और बताया कि इस नशे से हमें अपने बच्चों को भी दूर रखना चाहिए। क्योंकि यह नशा बच्चों का भविष्य बनने के पहले ही उनके भविष्य को खत्म कर देता है और मेडिटेशन के फायदे बताते हुए कहा की मेडिटेशन से बिना कोई गोली दवाई के नशा छोड़ सकते हैं। मेडिटेशन से तनाव मुक्त रह सकते हैं। बीके आशीष ने नशे से दूर रहने के लिए सभी को शपथ दिलाई। बीके नितेश ने सभी से नारे लगवाए एवं नशे के नुकसान बताए। सभी को नुक्कड़ नाटक दिखाकर प्रेरित भी किया गया ।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रयास से बैढ़न बाईपास की मिली सौगात : अमित

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न में 365 करोड़ बाईपास सड़क निर्माण की सौगात नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रयास से मिला है। अमित द्विवेदी महामंत्री के अनुरोध पर तत्काल दिनांक 20 फरवरी 2024 में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर बाईपास सड़क बनाने का आग्रह किया था। कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल एवं राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल के द्वारा भी मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को पत्र पर लिख कर बाईपास सड़क बनाने के लिए अनुशंसा पत्र लिखा था सिंगरौली वासियों की बहुप्रतिक्षित मांग अब पूर्ण हुई है। उक्त बातें म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री अमित



द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है।

श्री द्विवेदी ने कहा कि बताया कि जब म.प्र. में कमलनाथ सरकार थी तो उस समय से लगातार परसौना से बलियरी एवं शक्तिनगर बाईपास सड़क मार्ग बनाने का आग्रह पत्र लिखा गया था। जिस पर तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री सज्जन वर्मा ने कलेक्टर केवीएस चौधरी को पत्र को गंभीरता से लेते हुए डीपीआर बनवाने हेतु निर्देश दिये गए थे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बाईपास को प्राथमिकता से लेते हुये विधिवत डीपीआर रूपरेखा बना चुकी थी। श्री द्विवेदी ने अपने पत्र के जरिये अनुरोध किया था कि सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न में बाईपास की अत्यन्त आवश्यकता है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। नो-इन्ट्री के समय वाहन शहर के बाहर घण्टो इंतजार करते हैं। जिससे ट्रांसपोटर्स एवं व्यापारियों का कार्य प्रभावित होते है। उत्तरप्रदेश छत्तीसगढ़ में माल लेकर वाहन नो-इन्ट्री के कारण बाहर घंटो खड़े रहते हैं। नो-इन्ट्री खुलने पर एक साथ भारी वाहन गुजरते हैं जिससे आवागमन प्रभावित होता है।

# कसदा हत्या की गुत्थी सुलझाने वाले अधिकारी हुये पुरस्कृत



**सिंगरौली।** जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा चौकी अंतर्गत कसदा में हुई हत्या के मामले की गुत्थी महज एक दिन में सुलझाने वाले पुलिस अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति-पत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। एसपी ने गढ़वा थाना क्षेत्र के बगदरा चौकी इलाके में हुई अंधी हत्या को 24 घंटे के अंदर सुलझाने पर चितरंगी एसडीओपी आशीष जैन को प्रशंसा -पत्र एवं टीआई अनिल पटेल, चौकी प्रभारी नौडिहवा उदयचन्द्र करिहार, चितरंगी उपनिरीक्षक उमेश कुमार तिवारी, थाना गढ़वा सउनि शिवाकांत बागरी को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वही बगदरा सउनि परमहंस पाण्डेय की सेवा पुस्तिका में प्रशंसा की गई है। इसके अलावा अन्य पुलिस के प्रधानआरक्षको को भी सम्मानित किया गया है।

# राज्य स्तरीय शालेय कूड़ो में सिंगरौली को चार पदक

## स्वर्ण पदक के साथ श्रद्धांजलि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**सिंगरौली।** सागर में आयोजित बालिकाओं की राज्य स्तरीय शालेय कूड़ो प्रतियोगिता में सिंगरौली की श्रद्धांजलि शाहू ने स्वर्ण पदक अर्जित कर इस खेल विधा की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया है। जबकि इसी प्रतियोगिता में सिंगरौली से ही प्रियंका शाह ने रजत एवं संगीता जायसवाल और सिम्पल शाह ने कांस्य पदक प्राप्त कर जिला और रीवा संभाग को गौरवान्वित किया है। सिंगरौली टीम कोच शांति विश्वकर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा बालिकाओं की इस प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 दिसंबर तक सागर में किया गया था। जिसमें सिंगरौली जिला की उक्त खिलाड़ियों ने रीवा संभाग की टीम के सदस्य के रूप में भाग लिया था।



जहां अंडर 19 वर्ष के 53 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रद्धांजलि शाहू ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। जबकि इसी उम्र वर्ग के 44 किलोग्राम वजन वर्ग में संगीता जायसवाल कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल रही। इसी तरह 17 वर्ष से कम 60 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में प्रियंका शाह ने रनर अप पोजीशन पर पहुंच रजत पदक एवं 17 वर्षीय उम्र वर्ग के ही 33 किलोग्राम वजन वर्ग में सिम्पल शाह ने सेकंड रनर अप पोजीशन में कांस्य पदक प्राप्त किया। अवगत कराते चलें कि यह सभी खिलाड़ी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गनियारी में रहते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न में अध्ययनरत हैं। जो राज्य शासन की योजना के तहत कूड़ो एसोसिएशन ऑफ सिंगरौली एवं सिंगरौली डिक्सट्रिक्ट कराते एसोसिएशन के योग्य प्रशिक्षकों के माध्यम से मार्शल आर्ट विधा कूड़ो कराते एवं जूड़ो का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, सहायक संचालक शिक्षा व प्रभारी एडीपीसी कविता त्रिपाठी, प्राचार्य शा. कन्या उमावि अशोक मिश्रा, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गनियारी की अधीक्षिका भावना सिंह, सिंगरौली डिक्सट्रिक्ट कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त सचिव सुग्रीव वर्मा, भोला प्रसाद वर्मा, कूड़ो एसोसिएशन ऑफ सिंगरौली डिक्सट्रिक्ट के अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, चेयरपर्सन मुज्जकिर हुसैन गुड्डू , सचिव मो.श्वाले खान , रियाज़ खान, धर्मेन्द्र जायसवाल, रवि चौरसिया, सिण्टू साकेत अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बच्चों के लिए विधिक सेवा ईकाई के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

## नालसा द्वारा बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं है

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा बच्चों के लिए विधिक सेवा ईकाई/लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) 2024 का गठन किया गया है। उक्त समिति के सदस्यगणों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा शुक्रवार दिनांक 20.12.2024 को ए.डी.आर. सेंटर भवन में किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी ने रखी। श्री जोशी ने लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) 2024 के संबंध में जानकारी दी और बताया कि यह नालसा द्वारा चलाई जा रही योजना है जो कि बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाए है। इसके अतिरिक्त श्री जोशी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही गुड टच एवं बैड टच की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि अपराध कहां से शुरू होता है और कहां तक होता है। अपराध के ईफैक्ट क्या होते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश ने बताया कि आमजन को अपराध के प्रति जागरूक कैसे करें।



उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित श्रीमती शोभना मीणा प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्डध्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी ने किशोर न्याय अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। इसके साथ ही श्रीमती मीणा ने बताया कि किसी बच्चे को बच्चा मानने की सही उम्र क्या है तथा बाल कल्याण समिति के सदस्यों के कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित श्री अनुराग पाण्डेय परीवीक्षा अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सीधी के द्वारा महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग जिला सीधी अंतर्गत समस्त थानों में पदस्थ चाईल्ड प्रोटेक्शन यूनिट से संबंधित व्यक्तिध्बाल कल्याण अधिकारीगण (पुलिस अधिकारी) श्री अशोक कुमार, श्री राजमणि वर्मा, श्री मनोज प्रजापति, श्रीमती कविता तिवारी, श्री निर्मन शुक्ला, श्री बुद्धसेन सिंह, श्री संदीप वर्मा, श्री राम सिया सोमवंशी, श्री तेजभान सिंह, श्री शिशुपाल सिंह, श्री गोपाल सिंह, श्री लालमणि बंशल भी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्स के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, अभिषेक साहू, मृदुल लटौरिया, लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एल.एस.यू.सी.) समिति के समस्त सदस्यगण श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, श्री विद्याकांत मिश्रा, श्री शत्रुघन कुमार गप्ता, श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री सतीश कुमार उर्मलिया, श्री पन्ना लाल सोनी, श्री अखिलेश कुमार द्विवेदी, श्रीमती पूजा द्विवेदी, श्री अभिषेक धर दुबे, श्रीमती रूबी सिंह, श्री विनय तिवारी, श्रीमती सरोज सिंह, श्री संदीप कुमार पाण्डेय, श्रीमती रानू मिश्रा, श्री सुंदरलाल सिंह, श्रीमती लता जायसवाल, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, समस्त अभियोजन अधिकारीगण, समस्त अतिरिक्त अभियोजन अधिकारीगण, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन, दी शुभकामनाएं



**सीधी।** भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का 55 वा जन्मदिवस पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया, अनिल पाण्डेय, सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, विनय सिंह चौहान, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, डॉक्टर मनीला सिंह चौहान, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, राकेश मौर्य, तुषार धर द्विवेदी, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेन्द्र तिवारी, शिवदान साकेत, पुनीत नारायण शुक्ला, अजीत पाल सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, योगेंद्र सिंह, मुनिराज विश्वकर्मा, पुनीत पाण्डेय, संजय सिंह चौहान, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा, निशा सिंह चौहान, विभा शर्मा, संगीता सिंह चौहान ,रत्नू साकेत, नीलम मिश्रा, रोहित सिंह, आरती सिंह, पुनीत त्रिपाठी, रण बहादुर सिंह चौहान , अजय गुप्ता, राकेश उपाध्याय सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके पूर्व पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने पार्टी कार्यालय एवं जिला अध्यक्ष के निज निवास जमोडी पहुंचकर जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण एवं पुष्प कुछ से अभिनंदन किया। सभी ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की लंबी आयु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

# कांग्रेस ने भारत रत्न बाबासाहेब के योगदान को नकारा : सांसद



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कांग्रेस द्वारा संविधान संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए अपमान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सैकड़ो सांसद साथियों के साथ कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किए जाने के खिलाफ आज संसद भवन के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के पश्चात सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब के योगदान को नकारना देश के संविधान और समाज के खिलाफ है। भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर जी को कांग्रेस ने दो बार लोकसभा चुनाव हरवाया, सदन में नही आने दिया, अपने परिवार को भारत रत्न देने के वजह से बाबा साहेब को भारत रत्न नही दिया, कांग्रेस की ही देश विरोधी नीतियों का ही परिणाम रहा कि बाबा साहब को अपने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा। कांग्रेस ने हमेशा से ही बाबा साहेब अम्बेडकर जी व उनके विचारों का विरोध करती रही हैं।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रिमाही बैठक 23 दिसंबर को

**सीधी।** प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की सितम्बर 2024 त्रिमाही बैठक का आयोजन दिनांक 23.12.2024 दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। उन्होंने समस्त बैंक जिला समन्वयक को अवगत किया है कि कार्यसूची के अनुसार पूर्ण तैयारी के साथ सहभगिता सुनिश्चित करें। सितम्बर 2024 तक सभी आकड़े योजनावार जैसे प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत सेक्टर वाईज बकाया ऋण आवेदन एवं वितरण, केसीसी, शिक्षा ऋण, स्वयं सहायता समूह ऋण, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यमक्रांति, मुद्रा ऋण आदि की पूर्ण जानकारी लेकर आना सुनिश्चित करें।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 23 एवं 24 दिसंबर को, पंजीयन करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

**सीधी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी सीधी श्री अरविन्द श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि संचानालय खेल एवं युवा कल्याण (म0प्र0) भोपाल के निर्देशानुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जी के मंशानुसार पंच प्रण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 12 से 16 जनवरी 2025 के मध्य नई दिल्ली में 28 वॉं राष्ट्रीय युवा महोत्सव का अयोजन किया जा रहा है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी एवं शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तात्वाधान में दिनांक 23/12/2024 एवं 24/12/2024 को शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. सीधी क्र. 01 के हॉल में प्रात: 11:00 बजे से आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि दिनांक 23/12/2024 को कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 5000 रूपये, द्वितीय स्थान को 2500 रूपये, तृतीय स्थान को 1500 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। पेटिंग प्रतियोगिता प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। फोटो ग्राफी एवं वर्कशाप प्रतियोगिता प्रथम स्थान को 2500 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1000 रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। कहानी लेखन प्रतियोगिता किया जाना निश्चित किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 24/12/2024 को विज्ञान मेला एकल के प्रथम पुरस्कार को 3000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 2000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 1500 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा। विज्ञान मेला सामूहिक प्रथम पुरस्कार को 7000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 3000 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा। जिला स्तरीय संस्कृत कार्यक्रम प्रथम पुरस्कार को 7000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार को 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार को 3000 रूपये पुरस्कृत किया जायेगा।

सामूहिक लोक नृत्य की विधायें आयोजित की जावेगी, तथा प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर निर्णायको द्वारा विजेता का चयन किया जायेगा। पंजीयन फार्म प्रतिभागिता करने वाले प्रतिभागियों द्वारा भरा जाना अनिवार्य है। आवेदन हेतु फार्म जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी से प्राप्त कर दिनांक 22/12/2024 तक फार्म जमा करें। पंजीयन फार्म के आधार पर चयनकर्ता द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन होगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन हेतु की जाने वाली व्यवस्थाऐ संबंधित जिले के जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा की जावेगी। आयोजन पर होने वाले व्यय का वहन एवं वित्तीय सहायता नेहरू युवा केन्द्र द्वारा की जावेगी।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का लोकार्पण

## दूरस्थ क्षेत्रों से आये पक्षकारों को उनके केसों के बारे में सुलभ जानकारी प्रदाय करेगा

**सीधी।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय सीधी में ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत तथा पोर्टफोलिया न्यायाधिपति श्री विवेक जैन की अनुमति पश्चात दिनांक 16.12.2024 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव पाण्डेय के द्वारा ई-सेवा केन्द्र एवं तलवाना काउंटर का लोकार्पण किया गया। उक्त ई-सेवा केन्द्र का कार्य दूरस्थ क्षेत्रों से आये हुये पक्षकारों को उनके केसों के बारे में सुलभ जानकारी प्रदाय करना है।



उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वितीय जिला न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, अभिषेक साहू, श्री अधिवक्ता संघ सीधी के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सहित जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण तथा जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आवास की केबाईसी के नाम पर लोगों से हुई ठगी, खाते से निकाल लिया पैसा

**सीधी।** दरअसल यह पूरा मामला सीधी जिले के बहरी थाना अंतर्गत ग्राम रोजहा से निकलकर सामने आ रहा है जहां बीते कुछ दिनों पहले दोपहर करीब 2ः00 बजे 2 अज्ञात व्यक्ति पीड़ित व्यक्ति के घर पहुंच कर धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक खाते से पैसा निकाल लिए पीड़ित इंद्रलाल कोल के द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि उनके खाते से ?20000 निकाला गया एवं इसी तरह से गांव के अन्य लोगों से भी 10-10 हजार रुपए की ठगी की गई है जिस पूरे मामले को लेकर उनके द्वारा बहरी थाने पहुंचकर शिकायती पत्र दिया गया लेकिन कार्यवाही न होने पर उनके द्वारा गुरुवार के दिन सीधी जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सीधी एसपी से शिकायत की है।

# उदय कमल मिश्र, परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला प्रभारी मनोनीत

**सीधी।** म.प्र. शासन के अनुवांशिक संगठन, परशुराम कल्याण बोर्ड भोपाल द्वारा जारी पत्र में बोर्ड के अध्यक्ष पं विष्णु राजौरिया द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता, समाज सेवी उदय कमल मिश्र को जिला ईकाई सीधी का प्रभारी मनोनीत किया गया है। परशुराम कल्याण बोर्ड द्वारा जारी पत्र में मिश्र को बोर्ड की समस्त गतिविधियों में प्रमुख भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। मिश्र ने चर्चा के दौरान व्यक्त किया है कि परशुराम कल्याण बोर्ड भोपाल की जन हितैषी नितियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए जिला एवं तहसील ईकाईयों का बृहद रुप से विस्तार किया जाएगा। परशुराम कल्याण बोर्ड जिला सीधी का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर प्रशांत दुबे अधिवक्ता हाईकोर्ट जबलपुर, प्रवीण पाण्डेय अधिवक्ता हाईकोर्ट जबलपुर, डॉ डी.के. द्विवेदी, डॉ कैलाश तिवारी, नागेन्द्र बशिष्ठ बौद्धिक प्रभारी, सुभाष पांडेय शहडोल, अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा, प्रेमलाल मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र सिंह परिहार अधिवक्ता, प्रवीण शुक्ल अधिवक्ता, कन्हैया सिंह चौहान, रामराज सिंह चंदेल अधिवक्ता, सीताशरण शर्मा, डॉ अजीज तिवारी, इंजीनियर एस पी तिवारी, श्रीमती आशा मिश्रा, नंदलाल पांडे अधिवक्ता, धर्मौत्तम पांडे अधिवक्ता, आनंद पांडे अधिवक्ता, पुष्पराज मिश्र बघोर, राजेश दुबे सतना, प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा रा, सर्वोत्तम पांडे, रामकृष्ण तिवारी, निलाम्बर मिश्र एडीयम, लक्ष्मी कांत शर्मा, सरोज शर्मा, शिवानंद शुक्ला, मनीष मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, दिनेश चतुर्वेदी, डॉ मनोज मिश्र, एल.बी. मिश्र अधिवक्ता, आर.यन. मिश्र, रामनरेश मिश्र अधिवक्ता, राजेन्द्र तिवारी अधिवक्ता, राकेश रोशन शुक्ल, श्रीमती पूनम तिवारी, यूं.पी.यस. गहरवार, संदीप शुक्ला, रमाकांत द्विवेदी, बद्रीश मिश्र, आशीष तिवारी, राजेश मिश्रा, विनय धर द्विवेदी अधिवक्ता, मनीष शुक्ला, बसंत मिश्र, विनय सिंह, श्रवण मिश्र, विजय सिंह, सूर्य कांत पांडे अधिवक्ता, बी.पी. द्विवेदी, भीमसेन त्रिपाठी, सत्येन्द्र गौतम, मनोज त्रिपाठी अधिवक्ता, गिरीश मिश्र अधिवक्ता, संजीव तिवारी अधिवक्ता, देवेन्द्र द्विवेदी अधिवक्ता, विजय सिंह अधिवक्ता, पी.यस. गुप्ता, डॉ लाल जी मिश्र, लवकुश तिवारी अधिवक्ता, देवेन्द्र पाण्डेय, विनय कुमार पांडे, प्रकाश सेन, सहित अन्य गणमान्य जनों ने बधाई दी है।

# ट्राइबल टूरिज्म ग्राम बकवा के होम स्टे हितग्राहियों का पूर्ण हुआ एक्सपोजर विजिट

**सीधी।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार ट्राइबल टूरिज्म अंतर्गत चयनित ग्राम बकवा के होम स्टे हितग्राहियों को साबरवानी में एक्सपोजर विजिट कराया गया। बता दें कि इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी जहां एक तरफ रंगमंच और लोकरंग के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है वहीं दूसरी ओर विंध्य क्षेत्र के विभिन्न पारंपरिक धरोहरों को संजोने और वैश्विक पहचान दिलाने का उत्कृष्ट कार्य भी कर रही है, समिति के विशेष प्रयास से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल ने सीधी जिले के बकवा ग्राम और अनूपपुर जिले के दो ग्राम बीजापुरी व उमर गुहान को ट्राइबल टूरिज्म विलेज के तहत होम स्टे (मड हाउस) के लिए चयनित किया है जिसका कार्य तेजी से चल रहा है,कार्य सही तरीके से और कम समय में पूर्ण हो सके व अतिथियों का स्वागत व आवभगत अच्छे से हो इसके लिए हितग्राहियों को एक्सपोजर विजिट कराया जाता है इसी के तहत रोशनी प्रसाद मिश्र के कुशल संयोजन में बकवा के सात हितग्राहियों को उनकी पत्नी सहित 14 सदस्यीय दल को साबरवानी जिला छिंदवाड़ा ले जाया गया जहां पर कमलेश यदुवंशी के स्थानीय संयोजन में उन्हें होम स्टे से संबंधित जानकारी दी गई और अतिथियों के आवभगत का तरीका बताया गया साथ ही होम स्टे से होने वाले फायदे भी बताए गए। साबरवानी का होम स्टे मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड का सबसे बेहतरीन होम स्टे माना जाता है जिसे देखकर हितग्राहियों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला,उनका कहना है कि हम देश का नंबर वन होम स्टे बनाएंगे जिससे हमारे ग्राम बकवा को वैश्विक पहचान मिल सके। वहीं रोशनी प्रसाद मिश्र ने कहा कि बकवा जिले का एक ऐसा ग्राम है जहां 300 से ज्यादा कलाकार निवास करते हैं लेकिन उन्हें नियमित कार्यक्रम नहीं मिलता जिसके कारण उन्हें परिवार के भरण पोषण के लिए प्रदेश से बाहर पलायन करना पड़ता है। कलाकारों की बेरोज़गारी को ध्यान में रखते हुए समिति के निदेशक नीरज कुंदेर व रोशनी प्रसाद मिश्र के अथक प्रयास के कारण मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल ने समिति को सहयोगी संस्था के रूप में चयनित किया और मध्यप्रदेश के दो जिलों के तीन ग्रामों में कार्य करने का अवसर प्रदान किया।

# मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी देवेन्द्र सिंह गोंड पिता रामपाल सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी बरसेनी थाना मझौली द्वारा मौखिक रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि दिनांक 21.07.2020 रात 9 बजे वह एवं उसकी मां मीरा सिंह घर में थे तभी संदीप, राजबहोर घर के अंदर आये और दरवाजा न खोलने पर उनके द्वारा दरवाजा तोड़ दिया गया। पुरानी जमीन की रंजिश के कारण दरवाजे के अंदर आकर अश्लील गांलियां देते हुये डंडे से मारपीट की गई। फरियादी की मां द्वारा बीच बचाव करने पर अभियुक्तगण द्वारा मीरा सिंह के साथ डंडे से मारपीट की गई। उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्र. 447/2020 अंतर्गत धारा 452, 294, 323, 506 भाग 2, 34 भादवि कायम कर विवेचना मंक लिया गया एवं विवेचना पश्चानत् अभियोग पत्र माननीय न्या यालय मझौली के समक्ष प्रस्तु त किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 700/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री रामराज सिंह के द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्या यिक मजिस्ट्रेअट प्रथम श्रेणी मझौली जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 1. संदीप सिंह गोड़ पिता राजकुमार सिंह गोड़ उम्र-33 वर्ष, 2. राजबहोर सिंह गोड़ पिता राजकुमार सिंह गोड़, उम्र 36 वर्ष, 3. दिनेश सिंह पिता स्व0 श्री रामपाल सिंह गोड उम्र-33 वर्ष, 4. बिजेन्द्र कुमार सिंह पिता शिवपाल सिंह उम्र- 31 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बरसेनी थाना मझौली, जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 323 विकल्पित 323/34 (दो काउंट) एवं 324 विकल्पित 324/34 भादवि के आरोप में प्रत्येलक को छ-छ माह के सश्रम कारावास एवं कुल 4400- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसीप्रकार मारपीट के एक अन्यौ मामले में बताया गया कि दिनांक 10.02.2020 को फरियादी शांति कुशवाहा पति विश्वनाथ कुशवाहा उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम पथरौला थाना मझौली, जिला सीधी द्वारा चौकी पथरौला उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट लिखवाई कि दिनांक 10.02.2020 सगय 11 बजे वह अपने घर के सामने रोड में थी तभी शीला, गुत्री, सुनीता कुशवाहा द्वारा अश्लील गालियां देते हुये घर में बोरी करने की बात को लेकर लिपटकर हाथ मुक्के से मारपीट की। शीला कुशवाहा द्वारा दांत से काटकर आख के पास मारपीट की। हल्ला गुहार करने पर राजगणि गुप्ता, गया प्रसाद नामदेव और रश्मि द्वारा गौके पर आकर बीव बचाव किया। अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध अपराध क्र. 76/2020 अंतर्गत धारा 294, 323, 506, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया एवं विवेचना पश्चारत् अभियोग पत्र माननीय न्यासयालय मझौली के समक्ष प्रस्तुकत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 131/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री रामराज सिंह के द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यारयिक मजिस्ट्रेआट प्रथम श्रेणी मझौली जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 1. शीला कुशवाहा पति विमलेश कुशवाहा उम्र-32 वर्ष, 2. सुनीता कुशवाहा पति विमल कुशवाहा उम्र-34 वर्ष, 3. मुत्री कुशवाहा पति कमलेश कुशवाहा उम्र- 25 वर्ष सभी निवासी ग्राम पथरौला थाना व तहसील मझौली, जिला सीधी (म.प्र.) को धारा 323 भादवि के आरोप में प्रत्येवक को न्याायालय उठने तक का कारावास एवं 300/- 300/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पश्चिम मध्य रेल

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग-खुली निविदा**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/ निर्माण पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा सूचना क्रमांक-जबल/एस. एण्ड टी./ निर्माण/ निविदा/ 132 दिनांक 18.12.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के रीवा-सीधी खण्ड में नई ब्रॉड गेज लाइन के संबंध में सुरंगों और स्टेशनों में एकीकृत सुरंग संचार प्रणाली ओएफसी/ क्वाड/लीकी केबल की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग तथा आपातकालीन कॉल पॉइंट आदि का प्रावधान कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रुपये)**-12,40,65,804.42/-, **कार्यालय का पता**-उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण/ जबलपुर (प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, जबलपुर), **बयाना राशि रुपए**-7,70,300/-, **समापन अवधि माह**-12 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)**-15.01.2025 को समय 15:00 बजे। उपरोक्त निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा उक्त वेबसाइट से केवल ओनलाइन आवेदन की जा सकती है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा वनडे भी जीत लिया है. इसी के साथ उसने 3 वनडे की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है. मतलब, वनडे सीरीज पर उसका कब्जा हो चुका है. अब अगर पाकिस्तान तीसरा वनडे हार भी जाती है, फिर भी सीरीज उसी की रहेगी. पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में साउथ अफ्रीका को दूसरे वनडे में 81 रन से हराया. इस जीत के साथ उसने एक बेशकीमती रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. पाकिस्तान का ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका में सबसे सफल टीम बनने के तमगे से जुड़ा है.

**साउथ अफ्रीका में पाकिस्तान बनी सबसे सफल टीमः** मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका में जो कारनामा किया, उसके बाद वो वहां की माटी पर बाइलेटरल वनडे सीरीज जीतने के मामले में सबसे सफल विदेशी टीम बन गई है. पाकिस्तान ने इस बार साउथ अफ्रीका में तीसरी बाइलेटरल वनडे सीरीज अपने नाम की है. पाकिस्तान के साउथ अफ्रीका में सबसे सफल टीम बनने की शुरुआत 11 साल पहले साल 2013 में हुई थी, जब उसने वहां पहली बाइलेटरल वनडे सीरीज जीती थी. उसके बाद 2021 में दूसरी बार उसने वहां वनडे सीरीज जीती और अब 2024 में तीसरी वनडे सीरीज में भी अजेय बढ़त ले ली.

**बाबर-रिजवान की पार्टनरशिप और गुलाम का तूफानः**




साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 329 रन बनाए थे. पाकिस्तान को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में बाबर और रिजवान के बीच 23.3 ओवर में 4.89 की रनरेट से हुई 115 रन की साझेदारी के अलावा कामरान गुलाम के तेज-तर्रार अर्धशतक का भी बड़ा हाथ रहा. बाबर आजम ने 73 रन, मोहम्मद रिजवान ने 80 रन, जबकि कामरान गुलाम ने 196 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 63 रन ठोके.

**शाहीन-नसीम के आगे साउथ अफ्रीका का सरेंडरः** अब साउथ अफ्रीका के आगे 330 रन का विशाल लक्ष्य था, जिसका पीछा करते हुए वो 43.1 ओवर में 248 रन पर ऑल आउट हो गए. पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह ने मिलकर 7 विकेट बांटे. शाहीन ने 4 जबकि नसीम ने 3 विकेट लिए. इनके अलावा अबरार अहमद ने 2 विकेट जबकि सलमान आगा ने 1 विकेट लिया. कामरान गुलाम को उनके विसफोटक खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**मोहम्मद रिजवान बने तीसरे पाकिस्तानी कप्तानः** साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीतने वाले मोहम्मद रिजवान तीसरे पाकिस्तानी कप्तान बन गए हैं. उनसे पहले दो वनडे सीरीज पाकिस्तान ने मिस्बाह उल हक (2013) और बाबर आजम (2021) की कप्तानी में जीते थे.

बीजीटी 2024:

## कोंस्टास को पहली बार मौका, रिचर्ड्सन की वापसी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 2 बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले तीन टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले नाथन मैकस्वीनी को चयनकर्ताओं ने स्क्वॉड से बाहर कर दिया है, जबकि 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। वहीं, चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा तीन साल के बाद तेज गेंदबाज झाय रिचर्ड्सन की वापसी हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा, वहीं आखिरी और पांचवां मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

सैम कोंस्टास को पहली बार मौका भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्राइम मिनिस्टर इलेवन टीम से खेलने वाले 19 साल के ओपनिंग बल्लेबाज सैम कोंस्टास को पहली बार मौका मिला है। कोंस्टास ने उस पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में शतकीय पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। भारत और प्राइम मिनिस्टर इलेवन मैच के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (बाएं) और सैम कोंस्टास।

रिचर्ड्सन को तीन साल बाद मौका रिचर्ड्सन को तीन साल के बाद टेस्ट टीम में मौका मिला है। रिचर्ड्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला दिसंबर, 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई एशेज सीरीज में एडिलेड के मैदान पर खेला था।

आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्ड्सन, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी।



महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है। पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जाएंगे।

यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिए जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है।

अंडर-19 महिला एशिया कप

# भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी




के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।



# भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी20 सीरीज

- रिचा घोष ने 18 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक
- स्मृति मंधाना बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रिचा घोष और स्मृति मंधाना की रिकॉर्ड अर्धशतकीय पारी साथ ही राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम को 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 60 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इस सीरीज को 2-1 से जीत लिया।

रिचा घोष को उनकी तेज बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जबकि स्मृति मंधाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इस सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच में स्मृति मंधाना ने टीम की कप्तानी की थी। भारत दूसरे मैच में 9 विकेट से हार मिली थी, लेकिन तीसरे मैच में टीम ने अच्छी वापसी करते हुए 60 रन से मैच जीत लिया। पहले मैच में हरमनप्रीत कौर ने भारत की कप्तानी की थी और इस मैच को भारत ने 48 रन से जीता था। तीसरे मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 217 रन बनाए। महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये भारत का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 157 रन ही बना पाई।

**रिचा घोष ने 18 गेंदों पर लगाया अर्धशतक**

इस मैच में भारत की तरफ से रिचा घोष ने मात्र 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गईं साथ ही ओवरऑल भी वो महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गईं और फोबे लिचफील्ड और सोफी डिवाइन की बराबरी कर ली जिन्होंने उनसे पहले 18-18 गेंदों पर ही अर्धशतक लगाए थे।

**महिला टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक**

18 गेंदें- ऋचा घोष बनाम वेस्टइंडीज, 2024

18 गेंदें- फोबे लिचफील्ड बनाम वेस्टइंडीज, 2023

18 गेंदें- सोफी डिवाइन बनाम भारत, 2015

**स्मृति मंधाना ने बनाए 77 रन**

स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और इस मैच में उन्होंने 47 गेंदों पर एक छक्का और 13 चौकों की मदद से 77 रन की शानदार पारी खेली। जेमिमा ने भी टीम के लिए 28 गेंदों पर 39 रन बनाए जबकि राघवी बिष्ट ने 22 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाए। रिचा घोष ने 21 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 54 रन की बेहतरीन पारी खेली और भारत ने 217 रन बना डाले।

**राधा यादव ने झटके 4 विकेट**

दूसरी पारी में भारत की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज महिला टीम जीत के लक्ष्य से काफी दूर रह गईं और मैच गंवा दिया। भारत के लिए राधा यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए जबकि रेणुका ठाकुर, संजीवन संजना, तितास सिंधू और दिप्ती शर्मा को 1-1 विकेट मिले। वेस्टइंडीज के लिए चिनेले हेनरी ने 16 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से सबसे बड़ी 43 रन की पारी खेली।कप्तान हेली मैथ्यूज ने 22 रन जबकि डिएंड्रा डॉटिन ने 25 रन की पारी खेली।

**मंधाना बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज**

मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस टी20 सीरीज के पहले मैच में 54 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरे मैच में उन्होंने 62 रन बनाए। इन तीनों पारियों में लगातार अर्धशतक लगाने के बाद मंधाना किसी टी20 सीरीज के लगातार तीन मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। इस सीरीज में मंधाना ने सबसे ज्यादा रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बनीं।

बांग्लादेश-वेस्टइंडीजः

## बांग्लादेश ने 80 रन से जीता आखिरी टी20, पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ किया क्लीन स्वीप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 में 80 रन से जीत हासिल की। इसके साथ ही बांग्लादेश पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही। दोनों के बीच टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही थी। इसके बाद वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी। बांग्लादेश ने टी20 सीरीज में क्लीन करके हिसाब बराबर कर दिया। सेंट विंसेंट में खेले गए तीसरे टी20 में जेकर अली की तूफानी पारी के अलावा मेहदी हसन की शानदार गेंदबाजी ने भी वेस्टइंडीज को परेशान किया। बांग्लादेश ने मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले विकेट के लिए लिटन दास और परवेज हुसैन ने 44 रन की साझेदारी की। लिटन दास 14 रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड का शिकार बने। परवेज हुसैन ने लिटन के बाद तनजित हुसैन के साथ साझेदारी की कोशिश की लेकिन कुल स्कोर में 10 रन जोड़कर ही अल्जारी जोसेफ की गेंद पर आउट हो गए। आखिर में मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने साझेदारी की कोशिश की।

# मुंबई इंडियंस ने बनाया राशिद खान को कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस केप टाउन ने एसए टी-20 के अगले सीजन के लिए नए कप्तान की घोषणा की है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान इस टूर्नामेंट में टीम की कप्तानी करेंगे, जो अगले साल की शुरुआत में खेला जाएगा। राशिद खान एसए टी-20 के सीजन 1 में भी मुंबई इंडियंस केप टाउन के कप्तान थे, लेकिन पीठ की चोट के कारण लीग के दूसरे सीजन में खेलने से चूक गए थे। उन्होंने इस सीजन में गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 30.0 की औसत और 7 से कम की इकॉनमी से 9 विकेट चटकाए।

राशिद खान की मौजूदगी मुंबई इंडियंस केप टाउन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उनका नेतृत्व टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में कप्तान के रूप में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए बड़ी भूमिका निभाई थी। राशिद की कप्तानी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका से हार मिली थी। मुंबई इंडियंस को राशिद पर काफी भरोसा है और इस



फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि उनकी कप्तानी में ये टीम एसए टी-20 में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

मुंबई इंडियंस केप टाउन ने राशिद खान को कप्तान बनाने को लेकर आधिकारिक बयान जारी किया और कहा कि वो अफगान के पावरहाउस, स्पिन के जादूगर और खेल में क्रांति लाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी गेंदबाजी लेग-स्पिन की पुरानी तकनीकों से पूरी तरह से अलग है और इसके दम पर उन्होंने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को कहां से कहां पहुंचा दिया। पिछले सीजन में हमें उनकी कमी खली थी क्योंकि पीठ में चोट की वजह से वो मैदान से बाहर थे, लेकिन अब वो कप्तान की भूमिका में वापस आ गए हैं। 2025 में हमें उम्मीद है कि राशिद खान कुछ अलग करेंगे और हमें भरोसा है कि वो अपने लक्ष्य पर नजर रखेंगे।

# विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत 12 क्रिकेटर्स का संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यह साल 2024 भारतीय क्रिकेट के लिए कभी खुशी-कभी गम की तरह रहा है. भारतीय टीम ने इसी साल टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता और फैन्स को खुशियां दी. मगर इस एक ही साल में भारत के 12 स्टार खिलाड़ियों ने क्रिकेट को अलविदा भी कहा है. यह उनके फैन्स के लिए किसी गम से कम नहीं रहा. भारतीय फैन्स को सबसे बड़ा और तगड़ा झटका तब लगा, जब विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा, शिखर धवन और आखिर में रविचंद्रन अश्विन जैसे स्टार प्लेयर्स ने संन्यास लिया. हालांकि कोहली, रोहित और जडेजा ने सिर्फ टी20 इंटरनेशनल को ही अलविदा कहा.

दरअसल, भारतीय टीम ने इसी साल जून में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता था. टीम ने 29 जून को हुए फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त देकर दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था. बारबाडोस में यह फाइनल जीतते ही कोहली और रोहित ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था. यह फैन्स को एक तगड़ा झटका था. इसके अगले ही दिन जडेजा ने इस गम को और बढ़ा दिया. जब उन्होंने भी टी20 इंटरनेशनल से



रिटायरमेंट का ऐलान किया. इस तरह फैन्स को वर्ल्ड कप जीत की खुशी के साथ तीन स्टार प्लेयर्स के संन्यास का गम भी मिला था.

बर्थडे के दिन ही कार्तिक ने फैन्स को दिया ये झटका

इसी महीने के पहले दिन यानी 1 जून को भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी फैन्स को चौंकाया था. एक जून को ही कार्तिक का बर्थडे भी था. उन्होंने इसी दिन फैन्स को बर्थडे गिफ्ट के रूप में यह गम दिया था. कार्तिक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायरमेंट ले लिया.

अकेले जून में 4 संन्यास के बाद भारतीय टीम को तगड़ा झटका अगस्त में लगा. जब स्टार भारतीय स्टार ओपनर शिखर धवन ने 24 अगस्त को इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया. धवन साल 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं.

### ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले हुआ था एक संन्यास

भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है. इस सीरीज से ठीक पहले नवंबर में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने झटका दिया था. उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था.

बंगाल के इस 40 साल के विकेटकीपर ने 2010 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू के बाद से 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले. इन सबके अलावा भारतीय टीम के स्टार प्लेयर रहे केदार जाधव के अलावा वरुण आरोन, बरिंदर सरां, सिद्धार्थ कौल और सौरभ तिवारी ने भी तीनों फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. इस तरह लग रहा था कि मामला यहीं ठहर जाएगा.

साल का आखिरी और तगड़ा झटका अश्विन ने दिया

मगर साल खत्म होते-होते तगड़ा झटका स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिया. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही इस स्टार स्पिन ऑलराउंडर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया. उन्होंने यह फैसला भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के ड्रॉ होने के तुरंत बाद गुरुवार (18 दिसंबर) को लिया. ऐसे में इस साल 2024 में कुल 12 भारतीय क्रिकेटर्स ने संन्यास लिया. यह एक तरह से रिटायरमेंट इलेवन बन गई है.

### 2024 में इन 12 भारतीयों का संन्यास

- कोहली, रोहित, जडेजा का टी20 इंटरनेशनल से संन्यास
- अश्विन का इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट
- दिनेश कार्तिक, शिखर धवन, केदार जाधव, ऋद्धिमान साहा, वरुण आरोन, बरिंदर सरां, सिद्धार्थ कौल और सौरभ तिवारी ने तीनों फॉर्मेट को अलविदा कहा.

# ग्राम पंचायत दिया में किये गये विभिन्न नवाचारो के लिए सरपंच राम शिरोमणि सिंह सम्मानित

**पन्ना।** पन्ना जिले के जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच रामशिरोमणि सिंह द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, वृक्षा रोपण, बच्चियों के जन्मदिन मनाने, कोचिंग सेन्टर खोलने, जन सेन्टर संचालन करने को लेकर इन दिनों चर्चाओं मे है, तथा उनके द्वारा लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र में अनेक नवाचार किये जा रहे है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा को लेकर अभिभावकों एवं छात्र छात्राओ को जागरूक किया जा रहा है, सरपंच बनते ही उन्होने गांव की सभी बच्चियों का जन्मदिन अपनी तरफ से मनाने की घोषणा की गई थी, और उक्त घोषणा को वह लगातार पूरा कर रहे है तथा प्रत्येक बच्चिया का जन्मदिन मनाने का खर्चा अपनी तरफ से करते है एवं अधिक से अधिक बच्चियों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करते है, साथ ही इनके द्वारा गरीब बच्चियां के लिए कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया गया है, जिसमें गांव की ही पढ़ी लिखी बच्चियां छोटे बच्चो को शिक्षा देती है, उन्होन जन सेन्टर भी खोला है, जिसमें अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारिया शासन की योजनाए, आम जन के कल्याण की जानकारिया उपलब्ध कराई जा रही है। वह शिक्षा तथा समाजिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय संस्थाओं से भी संपर्क मे है और उसमे अपनी भागीदारी निभाते है, जिससे लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र को लाभ मिल सकें। शिक्षा से संबंध लक्ष्य संस्था के वह अध्यक्ष है, एवं उनके द्वारा टीम भी बना रखी है जिसके अनेक सदस्य है, लक्ष्य शिक्षा राहत कोश फाउन्डेशन संस्था द्वारा पांचवा वार्षिक समारोह बांदा उत्तर प्रदेश के ग्राम तिन्दुवारा मे आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम में बुन्देलखंड के विभिन्न जिलो झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, राठ, छतरपुर, पन्ना, सतना, चित्रकूट आदि जिलो के लक्ष्य कैरियर गाईडेन्स का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सचिव अमरपाल सिंह उपस्थित रहें है। उनकी उपस्थिती में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पन्ना जिले के दिया ग्राम पंचायत के सरपंच राम शिरोमणि भी शामिल हुए थें। कार्यक्रम के दौरान सरपंच राम शिरोमणि सिंह नें अपनी ग्राम पंचायत में किये जा रहे नवाचर को मंच से उपस्थित सभी को बताया, तथा कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज के उत्थान एवं उनको आंगे बढानें मे कार्य करना चाहीए, कोई भी समाज तभी आंगे बढती है जब अधिक से अधिक लोग शिक्षित होते है, शिक्षा के बिना मानव जीवन अधुरा है, साथ ही कार्य करने का जजवा हमेशा रखना चाहीए, कोई भी कार्य छोटा बड़ा नही होता है, इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सरपंच राम शिरोमणि सिंह को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा, एवं समाजिक क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यो की प्रंशसा की। उनकी उक्त उपलब्धी पर पन्ना जिले के शिक्षा विदो, समाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगो द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पन्ना।** केन बेतवा लिंक परियोजना के जागरूकता प्रचार रथ को पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार और जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं आमजन भी उपस्थित रहे। प्रचार रथ जिले के समस्त विकासखण्ड में अगले सप्ताह तक चलेगा और जनसामान्य तक केन-बेतवा लिंक परियोजना से होने वाले लाभों की जानकारी देगा। प्रचार रथ के माध्यम से इस परियोजना का जन-जन तक प्रचार-प्रसार हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसके क्रियान्वयन से सिंचाई एवं पेयजल की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रचार रथ के माध्यम से एलईडी द्वारा परियोजना के बारे में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को 02 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

### चोरी गया ट्रक सहित कीमती सामान करीब 32 लाख रुपया का किया जप्त

**पन्ना।** फरियादी अनवर खान पिता सुभान खान उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र.12 देवेन्द्रनगर थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि मैं भगवा जिला छतरपुर से पशु आहार ट्रक क्र.क्ष5ज्ञ4580 मैं लोड करके मऊ आजमगढ उ.प्र. के लिये लेकर जा रहा था रात करीब 09.00 बजे मैं देवेन्द्रनगर ट्रक लेकर पहुंचा ट्रक को वाहन स्वामी आरती जैन के घर के सामने सतना रोड देवेन्द्रनगर में खडा करके अपने घर खाना पीना खाने चला गया था, रात करीब 11 बजे देखा तो ट्रक वहाँ पास खड़ा नहीं था, कोई अज्ञात चोर ट्रक क्र. क्ष5ज्ञ4580 कीमती करीबन 20 लाख रुपये एवं उसमें लोड पशु आहार (चोकर) कीमती 7 लाख रुपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्र.577/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस.थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर को तत्काल देवेन्द्रनगर के चारों तरफ घेराबन्दी करने हेतु निर्देशित किया गया, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी रामहर्ष सोनकर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री एस.पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर देवेन्द्रनगर के चारों तरफ जाने वाली रास्तो में नाकाबंदी की गई, और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया गया व ट्रक क्र. यूपी 95टी 4580 कीमती करीबन 20 लाख रुपये एवं उसमें लोड पशु आहार (चोकर) कीमती 7 लाख रुपये का जप्त किया गया।



गिरफ्तार आरोपी में अनुज सिंह उर्फ वीरू पिता सम्मेलन सिंह उर्फ पप्पू उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 बस्ती देवेंद्र नगर थाना देवेंद्र नगर जिला पन्ना मध्य प्रदेश

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी.रामहर्ष सोनकर, उपनिरी रतिराम प्रजापति, सउनि राजेन्द्र नामदेव, प्रआर धीरेन्द्र, रामकरण प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, आदित्य कुशवाहा, आरक्षक दिलीप शर्मा, संजय बघेल, भरत पाण्डेय, महिला आरक्षक दिव्या सिंह, अंशिका सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# खेर माई रानीगंज पहुंच मार्ग का प्रकरण पहुचा लोकोपयोगी अदालत

**पन्ना।** लोकोपयोगी सेवाओ से संबंधित विवाद को सुलझाने के लिये, श्री एच.पी. बंशकार अध्यक्ष महोदय, लोकोपयोगी सेवाओ से संवंधित लोक अदालत, पन्ना जिला पन्ना म.प्र. के समक्ष, दिनांक 17/12/2024 को आवेदक महंत पंडित राजेश दीक्षित एडवोकेट अध्यात्मिक नाम महंत पंडित राजेश्वरानन्द जू, द्वारा पन्ना जिला मे नगर पालिका क्षेत्र पन्ना, के अन्तर्गत आने बाले मोहल्ला रानीगंज के अन्तिम छोर में स्थित खेर माई मंदिर, जो कि श्रृद्धालुओ की आस्था के केन्द्र है। जहां पन्ना व आसपास के धार्मिक जन सुबह 04 बजे से पूजा-पाठ करने जाते है व कई धार्मिक आयोजन आयोजित होते है। उक्त मंदिर शहर के अंत मे स्थित है, जहा से वन विभाग की सीमा भी प्रारंभ होती है। उक्त स्थान के समीप ही अभी पिछले 04 वर्ष पूर्व एक नर भालू ने पति व पत्नि दोनो के उपर हमला कर उनकी मृत्यु कारित कर दी थी। उक्त मंदिर तक जाने के लिये जो प्राकृतिक सडक बनी हुई है। वह बहुत जर्जर हालत मे है दो पहिया वाहन भी मंदिर तक बहुत मुश्किल से पहुंच पाते है। सडक मोटरेबल नही है। सडक मे विधुत प्रकाश की भी सुमुचित व्यवस्था कराया जाना व उक्त मार्ग मे वन विभाग व तथा पुलिश बिभाग द्वारा चौकी निर्माण कराया जाकर सडक को सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है। ताकि उक्त मार्ग मे यातायात निर्वाध मोटरेवल व सुरक्षित रहे। मार्ग का निर्माण कराया जाना व्यक्तियो की सुरक्षा हेतु अत्यन्त आवश्यक है। उक्त मामले में लोकोपयोगी न्यायालय द्वारा मुख्य सचिव, म.प्र. शासन भोपाल, प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन मंत्रालय, म.प्र. शासन भोपाल, प्रमुख सचिव, गृह मंत्रालय, म.प्र. शासन भोपाल, प्रमुख सचिव, वन मंत्रालय, म.प्र. शासन भोपाल, प्रमुख सचिव, स्थानीय प्रशासन मंत्रालय, म.प्र. शासन भोपाल, जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर पन्ना म.प्र, पुलिस अधीक्षक पन्ना जिला पन्ना म.प्र., वन मण्डलाधिकारी, उत्तर वृत्त पन्ना जिला पन्ना म.प्र., मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पन्ना जिला पन्ना म.प्र. जिम्मेवार है, अत: उक्त कार्य को तत्काल कराने के संबंध में अपील प्रस्तुत की गई है।

# रैपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण मे लगातार विक्री हो रही अवैध शराब

### नहीं लग रहा अंकुश, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी मात्रा में पकड़ी अवैध शराब

**पन्ना।** पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, तथा स्थानीय ठेकेदार द्वारा गांव गांव अवैध शराब विक्री की जा रही है, जिससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी नशे की लत में फस रहीं है, और उनका जीवन बर्वाद हो रहा है, उक्त संबंध में भारतीय शक्ति चेनता पार्टी द्वारा पूर्व में भी अनेको बार अवैध शराब पकड़ने का कार्य किया तथा पुलिस की सुपुर्द किया गया एवं पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन देकर अवैध शराब रोकने की मांग की गई, लेकिन उक्त अवैध कारोबार पर कोई अंकुश नहीं लग रहा, पुलिस द्वारा शराब पकड़ने वालां पर ही मामला बनाने का काम किया है। गत दिवस भारतीय शक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भरवारा के पास अवैध रूप से विक्री की जा रही 140 पाव लाल, एवं 90 पाव प्लेन शराब भरी हुई पेटियां पकड़ी गई, तथा पुलिस को सूचना देकर शराब बरामद कराई गई। उक्त शराब क्षेत्रीय ठेकेदार के लोग मोटर साईकिल मे रखकर ग्रामीण क्षेत्रो मे सप्लाई कर रहें थे। ज्ञाता हो कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा लगातार नशा मुक्ति का अभीयान चलाया जा रहा है तथा नशा से संबंधित अवैधानिक वस्तुओं को रोकने के साथ साथ जातिवाद, छुआछूत, भय भूख, भ्रष्टाचार को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन प्रशासन से सहयोग करने का अनुरोध किया जा रहा है।



## एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला 20 से 31 दिसम्बर तक

**पन्ना।** राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार पन्ना जिले के समस्त विकासखण्ड में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला 20 से 31 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनकी दैनिक जीवन में सकारात्मकता का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न विभागों के 60-60 कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन होगा। छतरपुर के मास्टर ट्रेनर लखन असाटी एवं आशा असाटी तथा पन्ना के मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक एवं सीता चतुर्वेदी द्वारा निर्धारित दिवसों पर कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। 20 दिसम्बर को अजयगढ़ विकासखण्ड में, 21 दिसम्बर को पन्ना, 27 दिसम्बर को गुनौर, 30 दिसम्बर को पवई एवं 31 दिसम्बर को शाहनगर विकासखण्ड में कार्यशाला होगी।

# कलेक्टर ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में आज कलेक्टर कक्ष में अधिकारियों के साथ चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए हैं। यह अभियान 19 से 24 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, राजस्व महाभियान में प्रकरणों के निराकरण, जनसुनवाई तथा जन शिकायत के प्रकरणों का निराकरण करके भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज कराया जाएगा। इस अवधि में विभागीय उपलब्धियों, हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ तथा जनकल्याण के कार्यों को भी पोर्टल में दर्ज करना अनिवार्य है।



भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के 8 प्रमुख बिन्दु हैं। इनमें सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण, हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने से संबंधित शिकायतों के निराकरण को शामिल किया गया है। साथ ही सुशासन से जुड़े लोक सेवा गारंटी अभियान, समाधान एक दिन, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल तथा अन्य ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और निराकरण के प्रयासों को भी इसमें शामिल किया गया है। पोर्टल पर विभिन्न योजनाओं और विभागीय सेवाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियाँ, जिलों के विजन डाक्यूमेंट, प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो में कलेक्टर के सोशल मीडिया एकाउंट से दर्ज विभागीय उपलब्धियों को शामिल किया गया है। अभियान के दौरान सीपी ग्राम की सभी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करना है। अभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें भी प्रतिदिन लगाए जा रहे शिविरों में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ प्रशासन गांव की ओर शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए कार्यक्रम निर्धारित कर लिया जाए। शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहें अनेक विकास कार्य, चुनावी रंजिश के चलते की जा रही झूठी शिकायते

**पन्ना।** पन्ना जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो में मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनेक निर्माण तथा विकास कार्य ग्राम पंचायतो द्वारा कराये जा रहें है। लेकिन अनेक ग्राम पंचायतो में चुनाव रंजिश तथा ग्राम पंचायत के चुनाव में हारने वाले प्रत्याशीयों द्वारा झूठी शिकायते कराकर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला ग्राम पंचायत पहाड़ीखेड़ा का प्रकाश मे आया है, ग्राम पंचायत की सरपंच संगीता मिश्रा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया गया कि मै अगस्त 2022 में सरपंच निर्वाचित हुई थी, तथा शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही एवं मूलभूत विकास संबंधित योजनाए ग्राम पंचायत में स्वीकृत की गई थी। उक्त योजनाओ को विधिवत ढंग से संचालित किया गया है, हमारी ग्राम पंचायत में फसल सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया गया, जिसमें अनेक कृषको को उसका लाभ हुआ, ग्राम पंचायत में ही चन्देल कालीन पुराने बाउन्ड्री का जीर्णेद्धार कार्य कराया गया, एवं गंगाजल सवंर्धन योजना अन्तर्गत उक्त जल श्रोत को पुनरजीवित करने का कार्य किया गया। जिससे ग्राम पंचायत के लोगो की जो पेयजल की समस्या थी, वह पूरी तरह से हल हो गई तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगो को शुद्ध एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीएसआर मद से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। विधायक निधी से भी सामुदायिक भवन बनाया गया। खेल मैदान तैयार कराकर स्टेडियम बनाया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो के खेल प्रतिभा बृद्धि का लाभ प्राप्त हुआ, पहाड़ीखेड़ा ग्राम पंचायत मे ही नाला पर रपटा, शेड बनाया गया।

# अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के खेल मैदान में केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत जल कलश यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा है। पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा को सुरक्षा, यातायात, कारकेट व्यवस्था व सेफ हाउस एवं अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को कार्यक्रम स्थल की समस्त व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले, एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं संजय कुमार नागवंशी, प्रभारी तहसीलदार आशुतोष मिश्रा एवं अखिलेश प्रजापति, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया, आबकारी अधिकारी संतोष सिंह, सहायक महाप्रबंधक बीएसएनएल विमल श्रीवास, प्रभारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अतुल, प्रबंधक ई-गवर्नेंस दीपक सोनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर एवं अमितेश मिश्रा, सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार गुप्ता को भी जिम्मेवारी सौंपी गई है। कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर रहेंगे जिला प्रभारी जिला दण्डाधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र को संपूर्ण जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि आगमन स्थल पुलिस लाइन हेलीपैड में एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं प्रभारी तहसीलदार आशुतोष मिश्रा, कार्यक्रम स्थल पर एसडीएम श्रुति अग्रवाल, व्हीआईपी सर्किट हाउस पन्ना में एसडीएम आलोक मार्को एवं प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, ग्रीन रूम में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, सेफ हाउस पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, व्हीआईपी सेक्टर में प्रभारी नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव, मीडिया सेक्टर में प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे, महिला सेक्टर क्रमांक 1 में प्रभारी तहसीलदार ज्योति राजपूत एवं क्रमांक 2 में प्रभारी तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय तथा पुरूष सेक्टर क्रमांक 1 में प्रभारी नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया एवं क्रमांक 2 में प्रभारी नजूल तहसीलदार खेमचन्द्र यादव को कानून व्यवस्था का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

# केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए बढ़ेगी जल उपलब्धता

### लाभान्वित ग्रामों का होगा आर्थिक तथा सामाजिक विकास

**पन्ना।** केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही लाभान्वित ग्रामों का आर्थिक तथा सामाजिक विकास भी होगा। आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक परियोजना आकार लेने जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 10 जिलों में केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से लगभग 2000 गांव लाभान्वित होंगे। परियोजना अंतर्गत सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल उपलब्धता तथा इससे इन ग्रामों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास का आधार बनने पर केन्द्रित जनजागरण के कार्यक्रम भी 25 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। केन बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन से पन्ना जिले की सात तहसीलों के ग्राम लाभांवित होंगे। परियोजना अंतर्गत पतने ब्यारमा योजना में देवेन्द्रनगर तहसील के ग्राम बरचुआ, सकरिया, सोनई, चौपरा, जमुनहाईकला, उमरझाला, बसई, मुटवाकला, कोढ़नपुरवा, रानीगंजपुरवा, रंजोरपुरवा, गढ़ीपड़रिया, ककरहटी, घटारी, मोहनपुरा, देवरी, भगेपुर, मुराछ, रनवाहा, कलवा, पिपरी, कोहनी, गौरा, बख्तरी, रानीपुरा, मखरा, अमचुई, हिनौता, खपटहा, बिरवाही, ऊटन, बमुरहिया, बडौरा, बमुरी, बांधरेमजीसागर, तिघरी, बाला घर, राजापुर, दौवनटोला, गुखौर, रतगवां, बड़वारा, दुबहिया, सुन्दरा, इटवां तिल्हा, फुलदरी, फुलवारी, पिपरिया, भिलसांय, अमसिल, गोल्हीपाठ, गोल्हीगढ़िया, नुनाही, गोल्हीमुढ़िया, जिगदहा, सिमरी दुबे, करहिया, डडबरिया, भटहरमेघा, भटहरजीत, रैगढ़, इटवां मंहगु, गिरवारा, ककरहा, सिलगी, धरमपुरा और पटिया को लाभ मिलेगा। इसी तरह अमानगंज तहसील अंतर्गत पिपरिया खुर्द, इटौरा, हिनौता भेड़, डोभा, पगरा, कांटी, बमुरहा, ककरहाई, अधरखुवां, अमानगंज, सिमरी, मढियाकला, पड़रिया खुर्द, पिपरिया सरकार, बम्हौरी, भैंसवाही, दग्धा, कुदरा, बुधेड़ा, राजापुर, डहर्रा, मुकेहा, करहिया, घटारी, खमरिया, कोट, बिल्हाईरामनगर, बलगहा, बरौंहा, कल्याणपुरा, महुआडाडा, रामपुर, महंगुवां खुर्द, पिपरवाह, जैतुपुरा, भड़ार, कचनारी, तमगढ़, जसवंतपुरा, रतनपुरा, द्वारी, शंकरपुरा, बांधीकला, मकरंदगंज सिमरिया, बरबसपुरा, खजरूट, मधपुरा, धौराखुर्द, धौराकला, खलौन, झिराटा, गढ़ीकरहिया, सिमराखुर्द, सिमराकला, सुनवानीकला, भोईपुरा, रैगुवां, उड़ला, सुनवानीखुर्द, सिधौरा, ककरा, सस्ई, कमताना, हरदुआकेन, देवरा, सोतीपुरा, रंगिया, भटपुरा, बैरगढ़ा, पगरा, धरमपुरा, देवरीपुरोहित, बिल्हा, कुल्हवा, कंचौरा, विक्रमपुरा, ढरौहा, सीरौ एवं सिरी ग्राम शामिल हैं। गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम कचनारा, बंधौरा, असोनी, पथरहा, बंधूर, मंदहिया, महलरामपुर, लमकुश, ब्यौहारी, करहिया, पतौरा, भटनवारा, छपरवारा, उमरी, हरीरा, पल्हरी, पथराड़ी, सिठौली, झिरिया, धनोखर, सुपन्था, बमुरहिया, भटकुवां, उड़की, सरहंजा, टेढ़ा, श्यामरडांडा, साहपुरा, निवहारी, चांपा, तिदुनहाई, तिघरा बुजुर्ग, करतरिया, मड़ौसा, मगरैला खुर्द, मगरैलाकला, मझियारी, भिटारी, लुका, कठवरिया, माल्हन, तुर्कीताल, सिमरी बहादुर, भमरहा, बछरवारा, मछरहा, उजनेही, सलेहा, भटिया, सेल्हा, नचने, गंगोटा, जमराय, गंज, कटरा, पटनातमोली, रूंध, धरवारा, भगेपुर, कुलगवां मड़ैयन, गुनौर, छिगम्मा, सिली, कचनारा, सुरदहा, ककरहाई, अकौंना, बिलघाड़ी, पड़ेरी, नचनौरा, बिल्हा, लुहरगांव, अमरी, सुगरहा, झुमटा, हीरापुर, गभोरा एवं रामनगर शामिल हैं। सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम कोल करहिया, कुलुवा, देवरी, गनियारी, गूढ़ा, बनमई, महराजगंज, मढली, पगरा, कोनी, सांटाबुद्धसिंह, बोदा, गरलगा, चिखला, सिमरिया, निवारी, लुधनी, रैकरा, रतारू, आमघाट, हरदुआ व्यारमा, ढिमरी, घुटरिया, राजपुर, खजरी, बड़खेरा, सिमरी खुर्द, बनौली, ठिगरी, पगरी, सिंगवारा, रीछी, पड़वार, पगरा, खैरी, टिकरिया, दनवारा, लिदरी, हीरापुर, विरासन, चड़रा, टहनगा, उमरी, तिघरा, करिया, पटनाखुर्द, गुड़मनिया, मनिया, पलोही, मजरा, गोल्ही, पिपरा नारायणपुरा, अतरहाई, बरतला, कुंवरपुर, रमपुरा, पड़रिया, मोहन्द्रा, कोठी, दमुइयां, अधराड़ी, मझगवां पहाड़, बेलडावर एवं कढ़ना शामिल हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 8


मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा द्वारा संचालित कंदैला ग्रामीण समूह जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगतिरत है। जिसके तहत 4 ब्लॉक के 109 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।



## सामुदायिक भागीदारी से मप्र को टीबी से मुक्त करेंगे : उप मुख्यमंत्री

### निक्षय शिविर में जन-जागरुकता के लिये की जा रहीं रचनात्मक पहल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल कहा है कि टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। निक्षय शिविर अभियान सामुदायिक भागीदारी से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों और समाजसेवकों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और हर टीबी मरीज तक जरूरी सहायता पहुंचाने में सहयोग करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के टीबी मरीजों की पहचान करने और उन्हें समय पर इलाज दिलाने में सहयोग करें। यदि किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन घटने जैसी शिकायत हो, तो उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, इसके लिए समय पर पहचान और उपचार महत्वपूर्ण है। सभी के समेकित प्रयास से टीबी मुक्त मध्य प्रदेश का लक्ष्य हम शीघ्र प्राप्त करेंगे। उन्होंने अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, संस्थाओं, निक्षय मित्रों की सराहना की है।



मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी (क्षय रोग) को समाप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए, एनजीओ, समाजसेवी संगठनों, और आम जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की जा रही है। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश के 23 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, रोग की पहचान, रोकथाम और उपचार को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान में टीबी की घटनादर में 80 प्रतिशत कमी लाने, मृत्यु दर में 90 प्रतिशत गिरावट और मरीजों के चिकित्सा व्यय को शून्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये नि-क्षय मित्रों, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों को शामिल कर सघन प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने टीबी के खिलाफ जागरूकता को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए विभिन्न रचनात्मक पहलें की हैं। सिवनी जिले में 'न्यू पहल' फाउंडेशन ने 400 मस्जिदों में उर्दू भाषा में जागरूकता सामग्री प्रदाय की है, जिससे समुदाय के हर वर्ग तक टीबी की जानकारी पहुंचे। मंदसौर में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर कमलेश भाटी ने एक शादी समारोह में टीबी जागरूकता का संदेश देकर समाज के बीच जागरूकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी तरह, जबलपुर रेलवे स्टेशन पर लाखों यात्रियों को टीबी की जानकारी देने के लिए पोस्टर और फ्लेक्स लगाए गए हैं।

इसके साथ ही, दमोह जिले में निजी चिकित्सकों ने अपने मरीजों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए ओपीडी प्रिस्क्रिप्शन में टीबी जागरूकता के संदेश देने की पहल की है। सीधी जिले में स्थानीय बघेली भाषा में दीवार लेखन के माध्यम से सैकड़ों प्रेरक नारों को लिखा गया है, जो समुदाय के लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद कर रहे हैं। दतिया में आईसीएमआर टीम ने जेल के कैदियों की हैंडहेल्ड एक्स-रे तकनीक से स्क्रीनिंग की, जबकि मंडला जिले के कार्यस्थलों पर शिविर लगाकर 417 मजदूरों की जांच की गई। इसी तरह, नीमच जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने टीबी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराकर उनके समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कोशिश की है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 दिसम्बर को

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 दिसम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में इस माह नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदन पत्रों पर दो दिवस में कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## अस्पताल भवनों का निर्माण समय सीमा में पूरा कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न अस्पतालों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के जारी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। सभी नवीन निर्माण कार्यों के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। जवा और सेमरिया में सिविल अस्पताल भवन का निर्माण लगभग पूरा हो रहा है। शेष कार्य पूरा करके आगामी मार्च माह तक इसे हैण्डओवर करें। जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए जिन स्थानों में दानपत्र से भूमि मिली है उनमें खसरे में स्वास्थ्य विभाग का नाम दर्ज कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में जारी नवीन ओपीडी भवन के कार्यों में तेजी लाएं। जिला अस्पताल के समीप स्वीकृत क्षय रोग यूनिट भवन के साथ मलेरिया कार्यालय एवं डीपीएम का भी निर्माण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट, सीएम राइज स्कूल सेमरिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुण्ठपुर के निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, पुलिस हाउसिंग समिति के प्रतिनिधि एवं अन्य निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 23, 24 और 25 दिसंबर को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 23, 24 और 25 दिसंबर को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत पहड़िया, बक्छेरा तथा लोहदवार, 24 दिसंबर को महसुआ, जोगिनहाई, बुढ़िया और बंधवा में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 25 दिसंबर को सुरसा खुर्द, रौरा तथा पड़रा में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत पुरैनी 379 तथा बहुरीबांध, 24 दिसंबर को अमवा और भिटवा तथा 25 दिसंबर को अजगरहा एवं करहिया नम्बर एक में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत बरेतीकला तथा बरेती खुर्द 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत किरहाई और गढ़वा तथा 25 दिसंबर को ग्राम पंचायत गौहाना और उसकी में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत मढ़ीकला, चंदेह, 24 दिसंबर को मढ़ीखुर्द और सथिनी एवं 25 दिसंबर को दुबगवां और टिकुरी 37 में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में ग्राम पंचायत 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत ऊंची, औनी तथा नेगुरा, 24 दिसंबर को परसिया और मदरो तथा 25 दिसंबर को कोनियाकला और कुठिला में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत पथरी और डेल्ही, 24 दिसंबर को बगढा दुबे और रिमारी तथा 25 दिसंबर को तिलखन और पिपरी में शिविर लगाये जायेंगे।

## जिला योजना समिति की बैठक 23 दिसम्बर को

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में गत दिनों आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पारित अनुबंधों की समीक्षा के साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन, विद्युत मण्डल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान में अधिकारी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशों के अनुसार सभी संभाग स्तरीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करके विभागीय कार्यों का जायजा लेने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र, गौशाला, स्कूल, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान, ग्राम पंचायत, धान उपार्जन केन्द्र तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। आमजनता से संवाद करके भी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया जा रहा है।



भ्रमण के क्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में ग्राम गुढ़वा के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पोषण आहार के वितरण, बच्चों के टीकाकरण तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को टेक होम राशन की वितरण की जानकारी ली। संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी ने सतना जिले के रामपुर बघेलान सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने पठन-पाठन व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के संबंध में प्राचार्य को निर्देश दिए। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ग्राम पंचायत बिहरा, जनपद पंचायत रीवा में आयोजित जनकल्याण शिवितर में शामिल हुए। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी अधिकारी ने सीधी जिले के रामपुर नैकिन विकासखण्ड में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी दी। भ्रमण के क्रम में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम रामनई में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में भाग लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में खाद्य विभाग से संबंधित 20 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 12 का मौके पर निराकरण किया गया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 4308 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर और 20 दिसम्बर को आयोजित शिविरों में कुल 6141 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 4308 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। 1710 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 121 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 5024 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3379 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 2417, रायपुर कर्चुलियान में 228, रीवा में 402, सिरमौर में 561, गंगेव में 805 तथा जवा में 611 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 2313, रायपुर कर्चुलियान में 65, रीवा में 101, सिरमौर में 69, गंगेव 655 तथा जवा में 176 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 1117 आवेदन पत्र प्रापत हुए हैं। इनमें से 929 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 696, नगर पंचायत सिरमौर में 9, गुढ़ में 58, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 13, सेमरिया में 99, चाकघाट में 67, त्योंथर में 39, डभौरा में 88 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 39 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 672, नगर पंचायत सिरमौर में एक, गुढ़ में 57, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 2, सेमरिया में 68, त्योंथर में 18, डभौरा में 63 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 39 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं।

## लापरवाह 10 सर्वेयरों को किया गया पद से पृथक

**रीवा।** किसान सम्मान निधि तथा फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा कराने के लिए सभी तहसीलों में सर्वेयर तैनात किए गए हैं। सर्वेयर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में पटवारी को सहयोग कर रहे हैं। गुढ़ तहसील में तैनात 10 सर्वेयरों को लापरवाही बरतने पर पद से पृथक कर दिया गया है। इस संबंध में एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि राजस्व महाभियान के दौरान पटवारियों तथा सर्वेयरों के कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। अपने कार्य में रूचि न दिखाने तथा लापरवाही बरतने पर हल्का बड़ागांव के सर्वेयर रूचि पटेल, राहुल यादव, आनंद पाण्डेय, शिवेन्द्र पाण्डेय तथा नरेन्द्र तिवारी को पद से पृथक करने के आदेश तहसीलदार गुढ़ ने जारी किए हैं।

## मान्यता के लिये निजी स्कूल 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

**रीवा।** प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटाग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है। मान्यता नवीनीकरण के लिये जो अशासकीय स्कूलों समय सीमा में आवेदन नहीं करते हैं तो वह आगामी सत्र में स्कूल संचालन के लिए पात्र नही होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी विस्तृत निर्देश एमपी एज्युकेशन पोर्टल तथा आरटीई पोर्टल पर भी देखे जा सकते हैं।

## शासकीय विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ सायबर, यातायात और नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 20.12.2024 को शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा में बढते सायबर अपराधों, समाज मे व्याप्त हो रही नशे की लत एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मेंप्रशिक्षु आई.पी.एस. श्री गौरव पाण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षकवीरेन्द्र पटेल,यातायात प्रभारी निरी0 अनिमा शर्माएवं सुबेदार अंजली गुप्ता, आर. सुभाष चंद्र ने छात्र छात्राओ को वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधो,यातायात के नियमों के पालन व नशामुक्ती के बिषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं सायबर अपराधो से बचने के उपायबताए गए.इस अवसर पर विधि महाविद्यालय रीवा के प्राचार्य, छात्र छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। हमारा नारा नशामुक्त हो समाज हमारा। जागरूकता ही सायबर अपराधों से बचाव है, किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचे । डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई नियम कानून में नही है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । अपने बैंक की ओटीपी किसी को भी न बताएं। पैसे प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करने की जरूरत नही होतीऔर पैसे प्राप्त करने के लिए गूगल पे/फोन पे/पेटिएम आदि मे गोपनीय पिन नही डालन होता। यातायात के नियमो का पालन करें वाहन सदैव नियमित गति से चलाएं। उक्त जगरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षु आई.पी.एस. श्री गौरव पाण्डे ने विधि महाविद्यालय के छात्रों कोसायबर अपराधो एवं अच्छा कैरियर बनाने एवं पढाई के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी ने नशे की लत से दूर रहने व समाज को नशामुक्त समाज बनाने के सबंध मे विस्तार से जानकारी प्रदान की और लोगो से अपील की कि अगर किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे कोरेक्स, गांजा आदि कोई आपके आस पास बेचता दिखाई पडे तो उसकी सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।प्रभारी सायबर सेल वीरेन्द्र पटेल व उनके सहयोगी आर. सुभाषने विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधो जैसे एटीएम एक्सचेंज, सिम क्लोनिंग, ओएलएक्स फ्राड, एपीके फाइल भेजकर किए जाने वाले फ्राड, डिजिटल अरेस्ट, जाँबफ्राड, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले फ्राड आदि



बिषयो पर विस्तार से जानकारी प्रदान कीएवं उनसे बचने के उपाय बताए। वही थाना प्रभारी यातायात निरी0 अनिमा शर्माने यातायात नियमो के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि हमे वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, हेलमेट लगाना हमारी सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है व हमे शराब पी कर नशे की अवस्था मे वाहन नही चलाना चाहिए, रेड सिग्नल का पालन करना चाहिए, एवं रेड सिग्नल पर गाडी सदैव जेब्रा क्रासिंग के पहले खडी करनी चाहिए।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नही
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय मे काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोतर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833